BANKING SUBSCRIPTION PLAN VALID FOR 6 MONTHS 230+ MOCK TESTS ₹997/- testbook

# Important Current Affairs 26th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 26th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the [Important Current Affairs 26th October 2017] in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 26th October 2017 in Hindi

- **भारतीय-मूल के युगल ने जीता अमेरिकी पुरस्कार**
    - भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी शोधकर्ताओं को HIV/AIDS के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए -प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया|
    - प्रोफेसर सलीम अब्दुल करीम और कुअरआयशा अब्दुल करीम को अमेरिका के बाल्टीमोर में IHV संस्थान द्वारा यह पुरस्कार दिया गया|
    - उन्हें यह पुरस्कार IHV की 19वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रॉबर्ट गैलो ने दिया| 'HIV के कारण एड्स होता है' की खोज रॉबर्ट ने की थी|
- **विश्व के सबसे पुराने एस्ट्रोलैब की खोज**
    - 16वीं शताब्दी के पुर्तगाली एक्सप्लोरर, वास्को डी गामा के एक जहाज से एक नेविगेशन टूल बरामद किया गया, जो 16वीं शताब्दी में भारत द्वारा जहाज को निर्देशित करने के काम आता था, इसे विश्व की सबसे पुरानी एस्ट्रोलैब (समुद्री नेविगेशन टूल) बताया जा रहा है|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- यह वस्तु, ब्लू वॉटर रिकवरी को 1503 में हिंद महासागर में डूब गए जहाज 'एस्मेराल्ड' के मलबे से प्राप्त हुई|
- एस्ट्रोलैब 17.5 सेंटीमीटर व्यास की एक कांस्य डिस्क है|

- **24 से 30 अक्टूबर: निरस्त्रीकरण सप्ताह**
  - हर वर्ष 24-30 अक्टूबर के बीच निरस्त्रीकरण सप्ताह मनाया जाता है|
  - इसकी स्थापना, संयुक्त राष्ट्र ने 1978 में सामूहिक विनाश के हथियारों को नियंत्रित, कम, सिमित करने और उन्मूलन के उद्देश्य से की थी|
  - इसे मनाए जाने का उद्देश्य हथियारों की दौड़ के खतरों, हथियारों को कम करने की आवश्यकता और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना है|
- **महिला बाइकर सना इकबाल की कार दुर्घटना में मौत**
  - क्रॉस-कंट्री महिला बाइकर, साना इकबाल का हैदराबाद में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया| हैदराबाद में अपने पति अब्दुल नदीम के साथ गाड़ी चलाते समय सना एक कार दुर्घटना की शिकार हुईं|
  - नवंबर 2015 में, उन्होंने गोवा से शुरुआत करके भारत की लंबाई और चौड़ाई की यात्रा अकेले बाइक पर पूरी की|
  - उन्होंने अपने एकल मिशन के दौरान बाइक के द्वारा 38,000 किलोमीटर तय किए| सना ने विभिन्न महाविद्यालयों में अवसाद पर व्याख्यान भी दिए|
- **'ठुमरी क्विन' का 88 की उम्र में निधन**
  - प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका गिरिजा देवी का हृदय रोग के कारण निधन हो गया| वे 88 वर्ष की थीं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

BANKING SUBSCRIPTION PLAN VALID FOR 6 MONTHS 230+ MOCK TESTS ₹997/- testbook

- गिरिजा देवी, बनारस घराने की एक महान गायिका थीं| उन्हें 'ठुमरी क्विन' और अप्पा जी के नाम से जाना जाता था|
- ठुमरी, अर्ध-शास्त्रीय भारतीय संगीत का एक रूप है| उन्हें 1972 में उन्हें पद्म श्री, 1989 में पद्मभूषण और 2016 में पद्मविभूषण पुरस्कार से नवाजा गया|

- **पर्यावरण मंत्रालय पर 2 लाख का जुर्माना**
  - उच्चतम न्यायलय ने, 2 मई के आदेशानुसार 34 श्रेणियों के उद्योगों के लिए सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड के प्रदूषण उत्सर्जन मानकों को तय न करने के कारण, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है|
  - न्यायलय ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली और NCR में पेट कोक और फर्नेस ऑयल के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया|
  - यह फैसला न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने सुनाया|
- **पहली 3D मुद्रित पहनने योग्य 'बैटरी'**
  - UK में ब्रूनल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पहली 3D मुद्रित पहनने योग्य 'बैटरी' विकसित की है|
  - पहनने योग्य 'बैटरी' की 3D मुद्रण पद्धति में परत दर परत सिलिकॉन का इस्तेमाल कर, एक सुपर-कैपेसिटर बनाया जाता है|
  - भविष्य में इन रिस्टबैंडों का इस्तेमाल स्मार्टफोन, बिजली की कारों ,पेसमेकर आदि के लिए किया जा सकता है| शोध, 'मटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग' पत्रिका में प्रकाशित की गयी थी|
- **सुरेश प्रभु ने की CIPAM की वेबसाइट की शुरुआत**



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, सुरेश प्रभु ने औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग के IPR पदोन्नति और प्रबंधन सेल की आधिकारिक वेबसाइट की शुरुआत की|
- CIPAM की स्थापना, राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति को लागू करने के लिए DIPP के समर्थन के तहत की गयी है|
- CIPAM वेबसाइट इंटरैक्टिव है और सभी आने वाली घटनाओं पर नियमित अपडेट प्रदान करटी है|

- **भारत के लिए नेपाल के राजदूत का इस्तीफा**
  - भारत के लिए नेपाल के राजदूत दीप कुमार उपाध्याय ने आगामी संसदीय चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है|
  - उन्होंने 6 अक्टूबर 2017 को उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री कृष्णा बहादुर महारा को अपना इस्तीफा सौंप दिया|
  - उपाध्याय ने पश्चिमी नेपाल में कपिलसत्तु जिले के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दायर किया है|
- **CII औद्योगिक नवाचार 2017**
  - एल एंड टी टेक्नोलॉजी सर्विसेज को नई दिल्ली में CII औद्योगिक नवाचार पुरस्कार, 2017 से सम्मानित किया गया है|
  - यह पुरस्कार नई दिल्ली में CII औद्योगिक नवाचार पुरस्कार समारोह में सेवाओं की श्रेणी में सबसे अधिक अभिनव भारतीय कंपनियों में से एक को दिया जाता है|
  - भारतीय उद्योग परिसंघ ने LTTS की वैश्विक प्रौद्योगिकी फर्मों के साथ-साथ एक सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के प्रयासों की सराहना की|
- **अमेरिका के बाहर टेस्ला का पहला संयंत्र**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

BANKING
SUBSCRIPTION PLAN
VALID FOR 6 MONTHS
230+ MOCK TESTS
₹997/-
testbook

- इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने पहली बार अमेरिका के बाहर, चीन के शंघाई में अपना इलेक्ट्रिक कार विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया है|
- चीन में विश्व का सबसे बड़ा ऑटो उद्योग है|
- टेस्ला आईएनसी, पालो अल्टो, कैलिफोर्निया में स्थित एक अमेरिकी ऑटोमेकर, ऊर्जा भंडारण कंपनी और सौर पैनल निर्माता है| इसकी स्थापना 2003 में हुई थी और इसके CEO एलोन मस्क हैं|

- **यस बैंक और IDFC बैंक पर जुर्माना**
  - RBI ने दो निजी क्षेत्र के बैंक, यस बैंक और IDFC बैंक पर नियामक उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है|
  - आय मान्यता परिसंपत्ति वर्गीकरण पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन न करने और बैंक की ATM से जुड़ी सूचना सुरक्षा घटना की देरी से रिपोर्टिंग के लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है|
  - पिछले वर्ष, यस बैंक के 32 लाख से ज्यादा डेबिट कार्डों कि जानकारी से छेड़-छाड़ की घटना सामने आई थी|

- **भारत और ADB के बीच 300 मिलियन $ ऋण समझौता**
  - एशियन डेवलपमेंट बैंक और भारत ने सार्वजनिक सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल में राजकोषीय सुधारों को जारी रखने के लिए 300 मिलियन $ ऋण पर हस्ताक्षर किए|
  - इस ऋण के माध्यम से प्राप्त धन को पश्चिम बंगाल विकास वित्त कार्यक्रम में इस्तेमाल किया जाएगा|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- इसका लक्ष्य अनुत्पादक व्यय को कम करके और बचत उत्पन कर सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करना है|

- **फोर्ब्स में विराट कोहली को 7वां स्थान**
  - फोर्ब्स द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार, ब्रांड वैल्यू के आधार पर विराट कोहली, बार्सिलोना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी से आगे हैं|
  - भारतीय क्रिकेट कप्तान का ब्रैंड वैल्यू 14.5 मिलियन डॉलर है, जो फोर्ब्स द्वारा प्रदर्शित शीर्ष 10 की सूची में मैसी से आगे उन्हें 7वें नंबर पर रखता है|
  - टेनिस किंवदंती रोजर फेडरर 37.2मिलियन $ के ब्रांड वैल्यू के साथ सूची में शीर्ष पर हैं|

- **मेलबोर्न मर्सर ग्लोबल पेंशन इंडेक्स**
  - 'ऑस्ट्रेलियन सेंटर फॉर फाइनेंशियल स्टडीज' द्वारा प्रकाशित 'मेलबर्न मर्सर ग्लोबल पेंशन इंडेक्स 2017' में भारत 30 देशों में 28वें स्थान पर है|
  - इसमें ऐसे 30 देशों की पेंशन व्यवस्था की समीक्षा की गई, जो विश्व की कुल 60% आबादी है|
  - भारत का समग्र इंडेक्स 44.9 है, जो 2016 के 43.4 के इंडेक्स मूल्य से अधिक है| डेनमार्क लगातार छठे वर्ष इंडेक्स में सबसे ऊपर है|

- **'सबसे शक्तिशाली' पासपोर्ट: सिंगापुर**
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सलाहकार फर्म 'आर्टन कैपिटल द्वारा संकलित' 'ग्लोबल पासपोर्ट पावर रैंक 2017' के अनुसार, सिंगापुर का पासपोर्ट अब विश्व का "सबसे शक्तिशाली" पासपोर्ट है|
  - सूचकांक, वीज़ा मुक्त अंक के आधार पर राष्ट्रीय पासपोर्ट को रैंक देता है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

BANKING
SUBSCRIPTION PLAN
VALID FOR 6 MONTHS
230+ MOCK TESTS
₹997/-
testbook

- VFS ऐसे देशों की संख्या है जहां पासपोर्ट धारक वीजा मुक्त या आगमन पर वीजा के साथ जा सकते हैं| उच्च रैंकिंग बेहतर वैश्विक गतिशीलता को दर्शाती है|

- **बैनर पर जीवित व्यक्तियों की तस्वीरों पर प्रतिबंध**
    - मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु में बैनर और होर्डिंग पर जीवित लोगों की तस्वीरों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया|
    - आदेश के अनुसार, मुख्यमंत्री, मंत्री या राजनेताओं की तस्वीरें पोस्टर या होर्डिंग में इस्तेमाल नहीं की जा सकतीं|
    - चित्रों को प्रायोजित करने वाले लोगों की तस्वीरों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया है|
- **विश्व खाद्य भारत-2017 में 'फोकस स्टेट'**
    - नई दिल्ली में 3 से 5 नवंबर 2017 तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय खाद्य कार्यक्रम, विश्व खाद्य भारत (WFI) -2017 में ओड़िशा 'फोकस स्टेट' होगी|
    - विश्व खाद्य भारत-2017 में 30 देशों की 200 से अधिक वैश्विक कंपनियां भाग लेंगी|
    - ओडिशा 12 स्टालों के साथ अपना पैवेलियन स्थापित करेगा| यह ओडिशा के मसाले, काजू जैसे विभिन्न प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित करेगा|
- **जनवरी-दिसंबर वित्तीय प्रारूप को अपनाएगा मध्यप्रदेश**
    - मध्यप्रदेश राज्य सरकार ने 2018 से, जनवरी-दिसंबर के वित्तीय वर्ष स्वरूप को अपनाने की योजना पेश की है|
    - मई 2017 में, मध्य प्रदेश 2018 से मौजूदा अप्रैल-मार्च चक्र की जगह जनवरी-दिसंबर की वित्तीय स्थिति को अपनाने की घोषणा करने वाला पहला राज्य था|
    - अप्रैल 2017 में नीती आयोग की शासी परिषद की बैठक में मोदी के भाषण के बाद यह फैसला लिया गया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- **छोटे उद्योगों की मदद करेगा SAATHI**
    - ऊर्जा और कपड़ा मंत्रालयों ने एक नई पहल SAATHI (सस्टेनेबल एंड ऐक्सिलरेटेड ऐडोपटशन ऑफ़ एफिशिएंट टेक्सटाइल टू हेल्प स्माल इंडस्ट्रीज) के लिए हाथ मिलाया है|
    - एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, EESL, ऊर्जा कुशल पावरलूम, मोटर्स और रैपियर किट्स की खरीद करेगी|
    - इन कुशल उपकरणों के उपयोग से इकाई स्वामी को ऊर्जा और लागत बचत होगी|

Attempt Current Affair Quiz for 26th October 2017

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play